श्रेष्ठ सुप्रभात

भावनाओं में बहकर तुरंत निर्णय न लें। परिणामों पर विचार करके निर्णय लें।
-आचार्य महाश्रमण

NEXT
NEWS EXCELLENT TODAY

तापमान (डिग्री सेल्सियस)

| | अधिकतम | न्यूनतम |
|---|---|---|
| श्री डूंगरगढ़ | 23.0 | 8.0 |
| बीकानेर | 22.0 | 8.0 |
| जयपुर | 21.0 | 10.0 |

E- Paper NEXT 0015

newsexcellenttoday.com | 26 दिसंबर 2024, गुरुवार | मार्गशीर्ष, कृष्ण पक्ष द्वादशी - 2081

# कांग्रेस नेता डोटासरा का श्रीडूंगरगढ़ में हुआ भव्य स्वागत
## कांग्रेस नेता और कार्यकर्ता उत्साहित

**NEXT।** कांग्रेस प्रदेशाध्यक्ष गोविंदसिंह डोटासरा बुधवार को श्रीडूंगरगढ़ पहुंचे जहां उत्साही कांग्रेस नेताओं की अगुवाई में हजारों कार्यकर्ताओं ने भव्य स्वागत किया। डोटासरा बीकानेर में आयोजित युवा जाट समिट व पांचवी नेशनल बॉलीवॉल प्रतियोगिता के उद्घाटन कार्यक्रम में भाग लेने बीकानेर जाने के दौरान श्रीडूंगरगढ़ में रूके थे। इस दौरान रतनगढ़ विधायक पुसाराम भी साथ में थे।

पूर्व विधायक मंगलाराम गोदारा ने गणपति धर्मकांटा पर प्रदेशाध्यक्ष का कांग्रेसी कार्यकर्ताओं के साथ साफ़ा और फूलमाला पहनाकर भव्य स्वागत किया। इस दौरान गोदारा ने मूंगफली तुलवाई में भ्रष्टाचार व्याप्त होने का आरोप लगाया। डोटासरा ने श्रीडूंगरगढ़ में ट्रोमा सेंटर निर्माण और समर्थन मूल्य पर खरीद केंद्र पर परेशान किसान की बात को विधानसभा में पुरजोर से उठाने की बात कही।

कार्यक्रम में प्रधान प्रतिनिधि केसराराम गोदारा, सरपंच गोविंदराम मेघवाल देराजसर, मोडाराम महिया दुलचासर, माननाथ सिद्ध पूनरासर, खिंयाराम गोदारा, समंदसर, सोहनलाल नैन बींझासर, डालूराम मेघवाल डेलवा, गोरधन खिलेरी लखासर, किशन गोदारा उदरासर, बेगराज लुखा



जालबसर, अमराराम गांधी ठुकरियासर, पूरखनाथ सिद्ध लिखमादेसर, रामचन्द्र चोटिया, भीखाराम जाखड़ जैसलसर, ओमप्रकाश बाना, रामेश्वरलाल गोदारा ऊपनी, राकेश नायक कल्याणसर पुराना, आईदान



गोदारा कल्याणसर नया, ज्ञानाराम ज्याणी बापेउ, सहीराम नायक जैतासर, पार्षदों में राधेश्याम सारस्वत, अभिषेक चौधरी, संदीप मारु, मनोज पारख, दाऊद काजी, हीरालाल जाट, मंगतूराम मेघवाल, यूसुफ चुनगर, सत्यनारायण जाट, मुंशी टेलर, नंदू वाल्मीकि, प्रहलाद सुनार, दिलशाद राईन, प्रभुराम बाना, विमल भाटी, मुन्नीराम बाना, कन्हैयालाल सोमानी, विजयराज सेवग, रमेश प्रजापत, मूलचंद स्वामी, प्रदीप पुरोहित, देवकिशन जोशी, प्रकाश दुसाद, राजेश मंडा, अयूब दमामी, श्रवण जाखड़, हुंताराम जाखड़, गणेश पोटलिया, राजन मूंड, हरिराम ज्याणी, राकेश सिद्ध, दीनदयाल जाखड़ सहित अनेक कांग्रेसी मौजूद रहे।

इससे पहले डोटासरा का झंवर बस स्टैंड पर अपने समर्थकों के साथ हेतराम जाखड़ ने स्वागत किया। तुलसीराम चोरड़िया ने ट्रॉमा सेंटर निर्माण का ज्ञापन दिया।

यूथ कांग्रेस कार्यालय में पीसीसी सदस्य हरीराम बाना ने 51 किलो फुलों की माला से डोटासरा का स्वागत किया। इस दौरान संतोष गोदारा, गोल्डन तंवर, विमल भाटी, शुभम शर्मा सहित अनेक युवा मौजूद रहे।

# अटल बिहारी वाजपेयी की जन्मजयंती मनाई
## पालिकाध्यक्ष शर्मा ने पुष्पांजलि दी, स्वच्छता का संदेश दिया



**NEXT** "कदम मिलाकर चलना होगा, निज हाथों में हंसते-हंसते आग लगाकर जलना होगा" जैसी कविता कहकर युवाओं और देशवासियों में जोश, उमंग, साहस भर देने वाले भारत रत्न अटल बिहारी वाजपेयी की जन्मजयंती नगरपालिका परिसर में मनाई गई। पालिकाध्यक्ष मानमल शर्मा ने अटल बिहारी वाजपेयी के चित्र पर पुष्पमाला अर्पित करते हुए कहा कि अटल बिहारी वाजपेयी मध्यप्रदेश जैसे राज्य में जन्में और हरेक भारतीय के हृदय मध्य अपना नाम अंकित किया। अटल जी भारत के 3बार प्रधानमंत्री रहे और चार दशकों तक भारतीय संसद के सदस्य रहे। अपने जीवनकाल में लंबी देश सेवा करने के साथ अपनी कविताओं के माध्यम से देशप्रेम से युवाओं को ओतप्रोत किया।

इस दौरान पालिका कार्मिक जितेंद्र भोजक ने अटल बिहारी को कवि हृदय बताते हुए काव्य पाठ किया।

अटल बिहारी वाजपेयी की जन्मजयंती पर पालिकाध्यक्ष मानमल शर्मा ने स्वच्छता का संदेश देते हुए हाइवे पर कचरा साफ किया। इस दौरान भाजपा शहर अध्यक्ष महावीर



अड़ावलिया, पवन इंदौरिया, भवानी प्रकाश, पार्षद रजत आसोपा, पार्षद जगदीश गुर्जर, कन्हैयालाल शर्मा, मांगीलाल राठी, सूरजभान, कमल चांवरिया, सूरजमल, जगदीश सिद्ध आदि मौजूद रहे।

# पशुपालन मंत्री से विधायक सारस्वत ने की मुलाकात
## क्षेत्र में पशु चिकित्सा सुविधा सेवाओं के विस्तार की मांग रखी

**NEXT** श्रीडूंगरगढ़ विधायक ताराचंद सारस्वत ने मंगलवार को पशुपालन एवं गोपालन मंत्री जोराराम कुमावत से मुलाकात करके श्रीडूंगरगढ़ विधानसभा क्षेत्र में पशु चिकित्सा से संबंधित सुविधाओं एवं सेवाओं का विस्तार करने के लिए नए पशु अनुसंधान केन्द्र और पशु प्रजनन केन्द्र खुलवाने की मांग की।

विधायक ने कहा कि श्रीडूंगरगढ़ विधानसभा क्षेत्र के अधिकांश निवासी ग्रामीण क्षेत्रों में निवास करते हैं। जिनका मुख्य कार्य खेती एवं पशुपालन से संबंधित है। उन्होंने बताया कि क्षेत्र में विभिन्न तरह के पशुधन हैं। इसके मद्देनजर श्रीडूंगरगढ़ क्षेत्र के पशुपालकों के लिए पशु अनुसंधान केन्द्र और पशु प्रजनन केन्द्र खुलवाना जरूरी है। उन्होंने आडसर बास के प्रथम श्रेणी पशु चिकित्सालय को वेटरनरी पॉली क्लीनिक में क्रमोन्नत करवाने, आसपास क्षेत्र में राठी गायों की अधिक संख्या को देखते हुए पशु चिकित्सा उपकेन्द्र गुसाईसर बड़ा को प्रथम श्रेणी पशु चिकित्सालय में क्रमोन्नत करवाने, पशु उपकेन्द्र आडसर, सेरूणा और



धर्मास को पशु चिकित्सालय में क्रमोन्नत करवाने का आग्रह किया।

विधायक ने पशु चिकित्सालय रिड़ी एवं लखासर को प्रथम श्रेणी चिकित्सालय में क्रमोन्नत करने, भेड़ ऊन विभाग की रिक्त 10 बीघा भूमि पर चार दीवारी निर्माण कार्य करवाने, श्रीडूंगरगढ़ क्षेत्र के समस्त पशु चिकित्सालयों एवं पशु उपकेन्द्रों में रिक्त पदों को भरवाने और पशुपालन, प्रजनन, सेवा एवं सामान्य उपचार की जानकारी एवं प्रशिक्षण के लिए श्रीडूंगरगढ़ विधानसभा क्षेत्र में सुविधाओं और सेवा प्रशिक्षण केन्द्रों की स्थापना करवाने का आग्रह किया। मंत्री ने विधायक की मांग पर सकारात्मक कदम उठाने का आश्वासन दिया।

# भोजक परिवार ने माता- पिता की स्मृति में चिकित्सा उपकरण भेंट किये, जनसमूह ने जताया आभार

**NEXT।** श्रीडूंगरगढ़ के भोजक परिवार द्वारा अपने पिता स्व. टीकमचंद और माता स्व. श्रीमती भंवरी देवी भोजक की पुण्य स्मृति में नागरिक विकास परिषद संस्था को चिकित्सकीय उपकरण भेंट किये गए। इस अवसर पर नागरिक विकास परिषद भवन में आयोजित कार्यक्रम में भोजक परिवार की ओर से शिक्षाविद विजयराज सेवग ने अपने पिता की स्मृति करते हुए कहा कि जरूरतमंद रोगी की अपने सामर्थ्य के अनुसार तन, मन, और धन से सेवा मानव का पुनीत धर्म है। मानव जीवन की सार्थकता सेवा में है। सामाजिक कार्यकर्ता बजरंग भोजक ने कहा कि हम सभी को अपने बुजुर्गों और पुण्यात्माओं की स्मृति में विसर्जन परमार्थ हेतु करना चाहिए। साहित्यकार सत्यदीप ने कहा परिषद एक ऐसी सेवाभावी संस्था है जो सेवा के पथ पर निरंतर अग्रसर है। श्रीडूंगरगढ़ पुस्तकालय के मंत्री भंवर भोजक ने अपने उदबोधन में कहा कि कस्बे में भामाशाहों की कोई कमी नहीं है। संस्थाओं से नि:स्वार्थ भाव से सेवा करने वाले कार्यकर्ता भी जुड़े। वरिष्ठ सामाजिक कार्यकर्ता तुलसीराम चौरड़िया ने भोजक परिवार द्वारा प्रदत्त उपकरणों को अति उपयोगी बताया।

जीवन बीमा निगम के डीओ के. एल. जैन ने भामाशाह और परिषद परिवार की सेवाओं को श्रेष्ठ बताया। परिषद के मंत्री जगदीश प्रसाद स्वामी ने दिवंगत टीकमचंद सेवग को याद करते हुए कहा कि संस्था की एम्बुलेंस संचालन में इनका सहयोग सदैव अविस्मरणीय रहेगा। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि भामाशाह परिवार के मुखिया राजकुमार भोजक, परिषद के सयुंक्त मंत्री सुरेश कुमार भादानी



मंचस्थ रहे। संयोजकीय उदबोधन में परिषद के पूर्व अध्यक्ष श्रीगोपाल राठी ने चिकित्सकीय उपकरण सहयोगी राजकुमार, विजयराज, लालचंद सेवग के प्रति कृतज्ञता ज्ञापित की।

इस अवसर पर भामाशाह परिवार से लालचंद, जितेंद्र, रमेश कुमार, मोहित, वैशाली, आकाँक्षा, चैनरूप सहित गणमान्य नागरिक सुशील सेरडिया, सत्यनारायण स्वामी, संजय करवा, निर्मल पुगलिया, प्रेम बुच्चा, मुनीराम दुसाद, पत्रकार शुभकरण पारीक, परिषद के कोषाध्यक्ष बालकिशन पांडिया मौजूद रहे।

### उपखण्ड स्तरीय अटल जन सेवा शिविर का आयोजन आज, आमजन की समस्याओं का होगा निस्तारण

**NEXT।** भारत रत्न अटल बिहारी वाजपेयी की जन्म शताब्दी के अवसर पर गुरुवार को सुबह 11 बजे से "अटल जन सेवा शिविर" आयोजित किया जाएगा। एसडीएम उमा मित्तल ने बताया कि द्वितीय गुरुवार को होने वाली उपखण्ड स्तरीय जनसुनवाई के स्थान पर पंचायत समिति मुख्यालय पर अटल जन सेवा शिविर का आयोजन किया जाएगा। इस शिविर में सभी विभागीय अधिकारी मौजूद रहेंगे।

# सावधान! फर्जीवाड़ा पड़ेगा महँगा, जाने कानूनी राय




NEXT द्वारा आमजन के लिए चलाए गए एक महत्त्वपूर्ण टॉपिक "लीगल एडवाइज" को पाठकों द्वारा बहुत ज्यादा पसंद किया जा रहा है। हमारे साथ इस महत्त्वपूर्ण टॉपिक में कानूनी ढंग से बात आमजन तक पहुंचाने के लिए वरिष्ठ अधिवक्ता मोहनलाल सोनी जुड़े हुए हैं। उनकी ही टीम सदस्या दीपिका सोनी और दीपिका करनाणी द्वारा कानूनी राय सम्बन्धित आलेख तैयार किये जाते हैं ताकि आमजन को भी कानून की आवश्यक जानकारी हो।

फर्जीवाड़ा के संबंध में कानूनी प्रावधानों के बारे में इस आलेख में बताया जा रहा है।

फर्जीवाड़ा दस्तावेजों व संपत्तियों के संबंध में होता है। फर्जीवाड़ा एक अपराध है जिसके संबंध में भारतीय न्याय संहिता की **धारा 335 से 350** में उल्लेख है।

**धारा 335** में बताया गया है कि कोई व्यक्ति बेईमानी से या कपटपूर्वक आशय से किसी दस्तावेज या दस्तावेज के किसी भाग को तैयार करता है या हस्ताक्षरित करता है छापता है या किसी इलेक्ट्रॉनिक रिकॉर्ड को या उसके किसी भाग को तैयार करता है या प्रसारित करता है तो यह कहा जा सकता है कि उसे व्यक्ति ने कूट रचना यानी फर्जीवाड़ा किया है।

**फर्जीवाड़ा के बारे में हम और भी जानेंगे...अगले अंक में...पढ़ते रहिये और जुड़े रहें NEXT से**

NEXT के लोगो और सोशल साइट के सिंबल पर क्लिक करते ही साइट ओपन होती है। तो जुड़े रहिए NEXT के साथ